Title: Need to provide financial assistance to the Government of Punjab to check the mysterious disease caused due to presence of selenium in the soil in Hoshiarpur Parliamentary Constituency. − Laid.

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर) : महोदय, पंजाब प्रदेश के मेरे संसदीय क्षेत्र होशियारपुर में जमीन के नीचे सेलेनियम नामक रसायन के कारण उक्त जिले के हजारों लोग रहस्यमय बीमारी के चपेट में आ गये हैं। जिससे उनके बाल झड़ने, नाखून खराब होने तथा अन्य त्वचा संबंधी बीमारी हो गयी है। यहां तक कि म वेशियों के सींग और खुर भी समय से पहले झड़ने लगे हैं। प्रदेश सरकार को बार बार आग्रह करने के बावजूद भी प्रदेश सरकार द्वारा कोई कारगर कदम आज तक नहीं उठाया गया है। जिस कारण लोगों में भयंकर रोा व्याप्त है। कृाि विभाग ने जमीन को सिलेनियम के जहरीलेपन से मुक्त करने हेतु जमीन में जिप्सम नामक रसायन डालने का सुझाव दिया है, इसके लिए किसानों को 25 प्रतिशत सब्सिडी देने की बात कही गयी थी, किंतु उस पर भी प्रदेश सरकार द्वारा कोई अमल नहीं किया गया।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि उक्त जिले में फैली बीमारी की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश सरकार को इसकी रोकथाम हेतु कारगर कदम उठाने के लिए तुरन्त आदेशित करें ताकि लोगों को इस भयंकर रहस्यमय बीमारी से बचाया जा सके। साथ ही इस बीमारी की रोकथाम के लिए आवश्यक धन राज्य सरकार को उपलब्ध करायें।